an>

Title: Need to formulate a plan to treat pollution in Nag river in Maharashtra.

श्री नाना पटोले (भंडारा-गोंदिया)ः महाराष्ट्र में मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जिला-भंडारा में वैनगंगा नदी पर स्थित गोसीखुर्द परियोजना को सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प घोषित किया जा चुका है लेकिन यह अलग बात है कि इस प्रकल्प के विकास वास्ते वित्तीय अनुदान उपलब्ध कराने हेतु सरकार देरी कर रही है। बात अनुदान की नहीं है, बात है इस राष्टीय प्रकल्प के आसपास बसने वाले व वेनगंगा के दूषित पानी को प्रयोग में लाने वाले स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की, क्योंकि वैनगंगा के दूषित पानी को प्रयोग में लाने पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्यायें हो रही हैं। नागपुर से निकली नाग नदी, जिसका दूषित पानी भंडारा में वैनगंगा नदी पर स्थित राष्ट्रीय प्रकल्प पर आकर मिलता है, वैनगंगा के पानी को दूषित कर रही है।

मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए नागपुर से निकलते ही नाग नदी के दूषित जल को स्वच्छ करने संबंधी योजना सरकार द्वारा शीघ्र लाने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय प्रकल्प के आसपास बसने वाले लोगों को राहत मिले व वैनगंगा को प्रदूषण से बचाया जा सके।